# 11 राजस्थान के त्योहार व मेले

1. पैगम्बर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन की याद में कौनसा त्योहार मनाया जाता है?
(1) शबे कद्र (2) चेहल्लुम
(3) ईद–उल–मिलादुलनबी (4) शबे बारात (3)

2. ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला त्योहार कौनसा है?
(1) क्रिसमस (2) गुड फ्राइडे
(3) ईस्टर (4) नव वर्ष दिवस (3)

3. गणगौर त्योहार कितनी अवधि तक मनाया जाता है?
(1) 14 दिन (2) 15 दिन
(3) 18 दिन (4) 19 दिन (3)

**व्याख्या–** गणगौर पूजन 'चैत्र कृष्ण एकम' से प्रारम्भ होकर 'चैत्र शुक्ल तृतीया' तक होता है। इस प्रकार ये 18 दिन होते हैं। इस त्योहार में गण (शिव) व गौर (पार्वती) का पूजन होता है।

4. अजमेर जिले का कौनसा स्थान 'कोड़ामार होली' उत्सव हेतु प्रसिद्ध है?
(1) भिनाय (2) किशनगढ़
(3) नसीराबाद (4) मसूदा (1)

5. किस पूर्णिमा के लिए मान्यता है कि संपूर्ण वर्ष में केवल इसी दिन चंद्रमा षोडश कलाओं से परिपूर्ण होता है?
(1) कार्तिक पूर्णिमा (2) शरद पूर्णिमा
(3) फाल्गुन पूर्णिमा (4) माघ पूर्णिमा (2)

6. चालीहा महोत्सव किस समाज द्वारा मनाया जाता है?
(1) सिक्ख समाज (2) सिंधी समाज
(3) मुस्लिम समाज (4) जैन समाज (2)

**व्याख्या–** सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्ष 16 जुलाई से 24 अगस्त तक इसे मनाया जाता है।

7. किस त्योहार पर ब्यावर शहर में बादशाह का मेला तथा शाहपुरा (भीलवाड़ा) में फूलडोल महोत्सव का आयोजन किया जाता है?
(1) घुड़ला (2) शिवरात्रि
(3) धुलण्डी (4) बसंत पंचमी (3)

8. किस समुदाय के नववर्ष का प्रारम्भ नवरोज से होता है?
(1) पारसी (2) ईसाई
(3) मुस्लिम (4) हिन्दू (1)

9. साँझी की माता किसे माना जाता है?
(1) शीतला माता (2) सीता माता
(3) पार्वती माता (4) लक्ष्मी माता (3)

10. हजरत इमाम हुसैन की कर्बला के मैदान में शहादत की याद में कौनसा त्योहार मनाया जाता है?
(1) इद–उल–मिलादुलनबी (2) इदुलजुहा
(3) शबे बारात (4) मोहर्रम (4)

**व्याख्या–** पैगम्बर मोहम्मद साहब के नाती/नवासे 'हजरत हुसैन इमाम' की 680 ई. में कर्बला के मैदान में दी गई शहादत की याद में शहीद दिवस के रूप में यह त्योहार मनाया जाता है।

11. निम्न मे से असुमेलित युग्म को छांटिए–

| स्थान | उत्सव |
|---|---|
| (1) महावीरजी | – लट्ठमार होली |
| (2) भिनाय | – कोड़ामार होली |
| (3) सांगोद | – अंगारों की होली |
| (4) बाड़मेर | – पत्थर मार होली (3) |

**व्याख्या–** अंगारो की होली अजमेर के केकड़ी में खेली जाती है। कोटा के सांगोद में 'न्हाण' की सवारी निकलती है।

12. 'पर्यूषण पर्व' किस धर्म से सम्बन्धित है?
(1) मुस्लिम धर्म (2) ईसाई धर्म
(3) जैन धर्म (4) सिक्ख धर्म (3)

**व्याख्या–** पर्यूषण पर्व भाद्रपद कृष्ण बारस से भाद्रपद शुक्ल पंचमी तक लगता है।

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –
1. निर्जला एकादशी ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी को मनाई जाती है।
2. गुरु पूर्णिमा आषाढ़ पूर्णिमा को मनाई जाती है।
3. बड़ी तीज भाद्रपद कृष्ण तृतीया को मनाई जाती है।
त्योहारों से संबंधित उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं–
(1) कथन 1 व 3 सही है (2) कथन 2 व 3 सही है
(3) केवल कथन 2 सही है। (4) सभी कथन सही है। (4)

14. विक्रम संवत् के अनुसार एक वर्ष में आने वाले निम्नलिखित त्योहारों को क्रम से (प्रारम्भ से अंत) जमायें–
गणेश चतुर्थी/दीपावली/कृष्ण जन्माष्टमी/गणगौर
(1) गणगौर, गणेश चतुर्थी, दीपावली, कृष्ण जन्माष्टमी
(2) गणगौर, दीपावली, गणेश चतुर्थी, कृष्ण जन्माष्टमी
(3) गणगौर, दीपावली, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी,
(4) गणगौर, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, दीपावली (4)

**व्याख्या–** गणगौर (चैत्र शुक्ल तृतीया), कृष्ण जन्माष्टमी (भाद्रपद कृष्ण अष्टमी), गणेश चतुर्थी (भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी), दीपावली (कार्तिक अमावस्या)

15. विक्रम संवत् पंचांग के अनुसार शीतला अष्टमी किस दिन मनाई जाती है?
(1) फाल्गुन कृष्णा अष्टमी (2) वैशाख कृष्णा अष्टमी
(3) भाद्रपद्र कृष्णा अष्टमी (4) चैत्र कृष्णा अष्टमी (4)

16. होली का त्योहार मनाया जाता है?
(1) फाल्गुन माह (2) चैत्र माह
(3) वैशाख माह (4) श्रावण माह (1)

17. कार्तिक शुक्ल एकादशी को मनाया जाने वाला त्योहार है?
(1) देवउठनी ग्यारस (2) जलझूलनी ग्यारस
(3) निर्जला ग्यारस (4) देवशयनी ग्यारस (1)

**व्याख्या–** भगवान विष्णु व अन्य देवता चार माह तक निंद्रावस्था में रहने के बाद इस दिन जागते हैं। इस दिन से मांगलिक कार्य प्रारम्भ हो जाते हैं।

18. घुड़ला त्योहार किस क्षेत्र में मनाया जाता है?
(1) मेवाड़ (2) मारवाड़
(3) शेखावाटी (4) वागड़ (2)

**व्याख्या–** मारवाड़ में घुड़ला त्योहार चैत्र कृष्णा अष्टमी से चैत्र शुक्ला तृतीया तक मनाया जाता है।

19. रामनवमी किस तिथि को आती है?
(1) चैत्र कृष्ण नवमी (2) चैत्र शुक्ल नवमी
(3) वैशाख शुक्ल नवमी (4) श्रावण कृष्ण नवमी (2)

**व्याख्या–** यह बासंतीय नवरात्र का अंतिम दिन है। इस दिन भगवान राम का जन्मदिन है। इस दिन सरयू नदी में स्नान करना पवित्र माना जाता है।

20. राजस्थान में त्योहारों के चक्र का समापन किस त्योहार से माना जाता है?
(1) गणगौर (2) छोटी तीज
(3) दशहरा (4) धुलण्डी (1)

**व्याख्या–** राजस्थान में इस सम्बन्ध में एक कहावत प्रसिद्ध है– 'तीज त्योहारां बावड़ी, ले डूबी गणगौर'।

21. अंग्रेजी कैलेण्डर के बारे में निम्न में से असत्य कथन है?
(1) इसे 'ग्रिगोरियन कैलेन्डर' भी कहा जाता है।
(2) इसमें जनवरी से दिसम्बर तक 12 माह होते हैं।
(3) यह चन्द्रमा पर आधारित कैलेण्डर है।
(4) इसमें हर चौथा वर्ष 366 दिनों का होता है, जिसे 'लीप ईयर' कहा जाता है। (3)

**व्याख्या–** अंग्रेजी कैलेण्डर सूर्य पर आधारित है। यह विश्व में सर्वाधिक प्रचलित कैलेण्डर है।

22. धुलण्डी का त्योहार किस तिथि को आता है?
(1) चैत्र शुक्ल एकम् (2) वैशाख कृष्ण एकम्
(3) चैत्र कृष्ण एकम् (4) कार्तिक शुक्ल एकम् (3)

23. जोधपुर में धींगा गवर बेंतमार मेला कब भरता है?
(1) वैशाख कृष्ण तृतीया (2) चैत्र शुक्ल तृतीया
(3) चैत्र कृष्ण तृतीया (4) आषाढ़ कृष्ण तृतीया (1)

24. निम्न में से किस स्थान पर 'घोटा गैर होली' खेली जाती है?
(1) भीनमाल (जालौर) (2) भीलूड़ा (डूँगरपुर)
(3) केकड़ी (अजमेर) (4) पुष्कर (अजमेर) (1)

**व्याख्या–** जालौर के भीनमाल में खेली जाने वाली इस होली में एक खास तरह का नृत्य होता है, पेड़ की एक मोटी टहनी हाथ में उठाकर बिना रूके नृत्य करना होता है।

25. निम्न में से किस स्थान की 'अंगारों की होली' खेली जाती है?
(1) गलियाकोट (डूँगरपुर) (2) केकड़ी (अजमेर)
(3) नाथद्वारा (राजसमंद) (4) भीनमाल (जालौर) (2)

26. निम्न में से कौनसी तिथि को 'बीकानेर की स्थापना' हुई थी?
(1) वैशाख शुक्ल तृतीया (2) आश्विन शुक्ल तृतीया
(3) भाद्रपद शुक्ल तृतीया (4) कार्तिक शुक्ल तृतीया (1)

**व्याख्या–** वैशाख शुक्ल तृतीया को राव बीका ने बीकानेर की स्थापना की थी। इस दिन बीकानेर में पतंग उड़ाते है।

27. राजस्थान में किस स्थान का 'अन्नकूट महोत्सव' प्रसिद्ध है?
(1) गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) (2) नाथद्वारा (राजसमंद)
(3) कैलाशपुरी (उदयपुर) (4) सालासर (चुरू) (2)

28. मारवाड़ के किस शासक की मृत्यु 'गणगौर' के दिन हुई थी?
(1) राव जोधा (2) राव रणमल्ल
(3) राव सातल (4) मानसिंह (3)

29. निम्न में से किस स्थान पर 'फूलों की होली' खेली जाती है?
(1) गोविन्द देव जी (जयपुर) (2) नाथद्वारा (राजसमंद)
(3) ब्रह्मा मंदिर (पुष्कर) (4) मुकाम मंदिर (बीकानेर) (1)

30. 'हाड़ो ल्ये डूब्यो गणगौर' कहावत का सम्बन्ध किस रियासत से है?
(1) कोटा (2) बूँदी
(3) झालावाड़ (4) मेवाड़ (2)

**व्याख्या–** बूँदी के महाराव बुध सिंह का छोटा भाई जोधसिंह गणगौर के अवसर पर राजपरिवार के सदस्यों व गणगौर की प्रतिमा के साथ जैतसागर झील में डूब गया था, इसी घटना पर यह कहावत प्रचलित है।

31. अंग्रेजी कैलेण्डर के 'अगस्त' महीने में विक्रम संवत के कौनसे महीने होते हैं?
(1) श्रावण–भाद्रपद (2) फाल्गुन–चैत्र
(3) ज्येष्ठ–आषाढ़ (4) आश्विन–कार्तिक (1)

32. निम्न में से कौनसा त्योहार ईसा मसीह के जन्मदिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है?
(1) गुड फ्राईडे (2) ईस्टर
(3) क्रिसमस (4) असेन्सन डे (3)

33. विक्रम संवत् के अनुसार एक वर्ष में आने वाले निम्नलिखित त्योंहारों को क्रम से (प्रारम्भ से अंत) जमायें–
त्रिपुर पूर्णिमा/शरद पूर्णिमा/बुद्ध पूर्णिमा/गुरू पूर्णिमा
(1) गुरू पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा, त्रिपुर पूर्णिमा
(2) बुद्ध पूर्णिमा, गुरू पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा, त्रिपुर पूर्णिमा
(3) त्रिपुर पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा, गुरू पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा
(4) बुद्ध पूर्णिमा, गुरू पूर्णिमा, त्रिपुर पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा (2)

34. किस तिथि को 'हल छठ' मनायी जाती है?
(1) श्रावण कृष्ण षष्ठी (2) श्रावण शुक्ल षष्ठी
(3) भाद्रपद शुक्ल षष्ठी (4) भाद्रपद कृष्ण षष्ठी (4)

**व्याख्या–** इस दिन हल की पूजा की जाती है, यह भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्मदिन है। इस दिन पुत्रवती स्त्रियाँ व्रत करती हैं।

35. 'सांझी' पूजन की अवधि है?
(1) श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद अमावस्या
(2) भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या
(3) आश्विन पूर्णिमा से कार्तिक अमावस्या
(4) कार्तिक पूर्णिमा से मार्गशीर्ष अमावस्या (2)

36. राजस्थान में किस तिथि को 'गोवर्धन पूजा' की जाती है?
(1) आश्विन कृष्ण एकम् (2) कार्तिक शुक्ल एकम्
(3) फाल्गुन शुक्ल एकम् (4) कार्तिक कृष्ण एकम् (2)

**व्याख्या–** प्रभात के समय गाय के गोबर से गोवर्धन की पूजा की जाती है। इस दिन छप्पन प्रकार के पकवानों से बने अन्नकुट से मंदिरों में भोग लगाया जाता है।

Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

37. मुसलमानों का कौनसा त्योहार 'बारावफात' भी कहलाता है?
(1) शब–ए–बारात (2) शब–ए–कद्र
(3) ईद–उल–मिलादुलनबी (4) ईद–उल–फितर (3)

38. तेरहताली नृत्य के लिए प्रसिद्ध मेला है?
(1) गोगा मेला (2) तेजा मेला
(3) रामदेवरा मेला (4) लक्खी मेला (3)

39. 'तारकीन का उर्स' निम्न में से किस पीर की दरगाह पर आयोजित किया जाता है ?
(1) शेख हमीदुद्दीन नागौरी (2) पीर दुल्लेशाह
(3) चौटीला पीर (4) पीर मलिक शाह (1)

40. निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है?
(1) महावीर जी मेला – कार्तिक पूर्णिमा
(2) कैला देवी का मेला – चैत्र शुक्ला अष्टमी
(3) गणेश मेला – भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी
(4) पुष्कर मेला – कार्तिक पूणिमा (1)

**व्याख्या–** श्री महावीर जी का मेला (करौली) चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को भरता है।

41. राजस्थान में वार्षिक शीतकालीन उत्सव (शरद महोत्सव) ...... में मनाया जाता है?
(1) माउन्ट आबू (2) जयपुर
(3) उदयपुर (4) जोधपुर (1)

**व्याख्या–** यहाँ पर दिसम्बर में शरद महोत्सव का आयोजन होता है।

42. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन सा जिला 'कानन मेला' से संबंधित है?
(1) जैसलमेर (2) बाड़मेर
(3) जालोर (4) सिरोही (2)

43. मीरा महोत्सव कहाँ पर आयोजित किया जाता है?
(1) उदयपुर (2) मेड़ता
(3) जोधपुर (4) चित्तौड़गढ़ (4)

**व्याख्या–** मीरा महोत्सव आश्विन पूर्णिमा को चित्तौड़गढ़ में आयोजित किया जाता है।

44. जून 2019 में आदिवासियों की संस्कृति व कलाओं को संरक्षण देने के उद्देश्य से आदि महोत्सव कहाँ पर आयोजित किया गया–
(1) उदयपुर (2) डूँगरपुर
(3) बाँसवाड़ा (4) चित्तौड़गढ़ (1)

45. 'राजस्थान फेस्टिवल' का आयोजन कब किया जाता है?
(1) 1–3 नवम्बर (2) 1–3 जनवरी
(3) 27–30 मार्च (4) 2–5 जून (3)

46. जैसलमेर पंतग महोत्सव का आयोजन कब होता है?
(1) सितम्बर (2) अप्रैल
(3) दिसम्बर (4) फरवरी (4)

47. महाशिवरात्री पर चूहड़ सिद्ध का मेला किस जिले में भरता है?
(1) अलवर (2) भरतपुर
(3) सीकर (4) पाली (1)


48. ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरा मेला कहाँ पर भरता है?
(1) मेहन्दीपुर (दौसा) (2) कामां (भरतपुर)
(3) चाकसु (जयपुर) (4) पुष्कर (अजमेर) (2)


49. तिल चौथ (संकट चौथ) मनायी जाती है?
(1) कार्तिक कृष्ण चतुर्थी (2) माघ कृष्ण चतुर्थी
(3) श्रावण कृष्ण चतुर्थी (4) चैत्र कृष्ण चतुर्थी (2)

50. राजस्थान के निम्न में से किस क्षेत्र में सीताबाड़ी का मेला आयोजित किया जाता है?
(1) ढूंढाड़ (2) मारवाड़
(3) मेवाड़ (4) हाड़ौती (4)

DP Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**